अतिमहत्वपूर्ण/शीर्षप्राथमिकता/समयबद्ध।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/परीक्षा फार्म/ 2024/ 7121 लखनऊः दिनांकः– 04/05/24

विषयः सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा जून–2024 के सम्भावित परीक्षा के संबंध में परीक्षा फार्म भाराये जाने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद द्वारा प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–04/2024/309, दिनांक 16.04.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से परिषद की सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2024, जून माह में दिनांक 22.06.2024 से 14.07.2024 के मध्य आयोजित होना सम्भावित है, उक्त के संबंध में परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है।

उक्त के अनुक्रम में अवगत कराना है कि वेबसाइट पर अपलोड उपरोक्त सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम का भलि–भांति परीक्षण करने के उपरान्त यदि परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार की त्रुटि Clashing या किसी विषय की परीक्षा छूट रही हो तो उक्त की सूचना परिषद कार्यालय के अनुभाग 04 की ईमेल आईडी0 anubhag4bte@gmail.com पर प्रेषित करने के लिए अनुरोध किया गया था, किन्तु उक्त के संबंध में कतिपय संस्थाओं द्वारा ही अपना फीडबैक प्रेषित किया गया है।

उपरोक्त के साथ ही यह भी अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा जून–2024 हेतु परीक्षा फार्म भराने हेतु **दिनांक 09.05.2024 से 15.05.2024 तक आनलाइन पोर्टल खोला जा रहा है।** अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित दिनांक तक अपनी संस्था में अध्ययनरत समस्त छात्रा–छात्राओं के परीक्षा फार्म पोर्टल के माध्यम से भरवाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। दिनांक 15.05.2024 के उपरान्त परीक्षा फार्म हेतु पोर्टल नहीं खोला जाएगा। परिषद द्वारा उक्त के संबंध में आफलाइन फार्म स्वीकार नहीं किये जाएंगे। यदि कोई भी संस्था परीक्षा फार्म भरवाने में असमर्थ रहती है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0– प्राशिप/अनु0–6/परीक्षा फार्म/ 2024/ 7122-25 तद्दिनांकः– 04/05/24

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, दौराला मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त के संबंध में अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. कम्प्यूटर अनुभाग, प्रभारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।